Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding rate of commission paid to LIC Agents.

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरावती (महाराष्ट्र) के भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं की मांगों की तरफ ले जाना चाहती हूँ। महोदय, 1 सितंबर, 1956 को भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना हुई। उस समय से बीमा अभिकर्ता भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के नियम अनुसार निर्धारित कमीशन पर अभी तक कार्य कर रहे हैं, जबकि आज महंगाई भी बढ़ी है, कई सारी उपयोगी वस्तुएं भी पहले जैसी नहीं रही हैं। उन पर भी महंगाई का असर है और अभिकर्ताओं को पुराने नियम अनुसार ही कमीशन मिल रहा है, जिससे उन्हें अपना जीवन यापन करने में अनेकों तरह की कठिनाइयाँ आती हैं। यह समस्या सिर्फ विदर्भ या अमरावती की ही नहीं है, बल्कि देश के लाखों बीमा अभिकर्ताओं को इससे परेशानी हो रही है। सरकार से मेरी मांग है कि बीमा अभिकर्ता भाई-बहनों की सहायता करने का कष्ट करें।

-

-

-

-

-

-

-

-